प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 13.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- चौथे चरण में चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान जारी, दिन के साढे ग्यारह बजे तक 27 दशमलव चार प्रतिशत मतदाता कर चुके हैं मतदान, बूथों पर वोटर्स की लगी है कतार।

2- सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीट के लिए हो रहे चुनाव को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 15 हजार फोर डी कैमरों के माध्यम से बूथों पर हो रही वेव कास्टिंग।

3- गोड्डा सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव आज करेंगे नामांकन, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज हजारीबाग के बरही और लातेहार में करेंगे चुनावी रैली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल गिरिडीह में होगी चुनावी सभा।

4- राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लातेहार के कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, बीएलओ के साथ बैठक कर दिए कई अहम निर्देश।

5- सीबीएससी ने बारहवीं बोर्ड के जारी किए नतीजे 87 दशमलव नौ आठ प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित।

****************************

चौथे चरण में राज्य के सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए सवेरे सात बजे से मतदान जारी है। इन चारों सीटों के लिए दिन के साढ़े ग्यारह बजे तक लगभग 27 दशमलव चार प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर चुके हैं। इसमें सिंहभूम में 26 दशमलव एक छह, खूंटी में 29 दशमलव एक चार, लोहरदगा में 27 दशमलव सात सात और पलामू में 26 दशमलव नौ पांच प्रतिशत मतदान हो चुका है। शाम पांच बजे तक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इधर, वोटिंग करने को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण और नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मतदान केंद्रों पर सवेरे से ही मतदाताओं की कतार लगी हुई। वहीं, पहले मतदान करने के लिए आने वाले मतदाताओं का बूथों पर स्वागत किया जा रहा है। अब चुनाव और मतदान से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए आईए हम आपको सीधे लिए चलते हैं हमारे जिलों के संवाददाता के पास और जानते हैं कि मतदान को लेकर मतदान केंद्रों पर माहौल कैसा है।

****************************

चौथे चरण में राज्य के लोहरदगा, खूंटी, सिंहभूम और पलामू सीटों के लिए सवेरे सात बजे से वोट डाले जा रहे हैं। मतदान में आम से लेकर खास मतदाता बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने सरायकेला–खरसांवा जिले के जिलिंगगोड़ा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस मौके पर उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपके मतदान से लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री और खूंटी सीट से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने अपने पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां के बूथ नंबर 172 में और कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने खूंटी में वोट डाले। सिंहभूम सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी जोबा मांझी चक्रधरपुर स्थित कार्मेल बालिका मध्य विद्यालय मतदान केंद्र पर मतदान करने वाली पहली मतदाता बनीं। इधर लोहरदगा सीट से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने बिशुनपुर के बूथ संख्या 141 में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इधर, सिंहभूम सीट के अंतर्गत आने वाले इलाकों में सवेरे से ही मतदान केंद्रों में मतदाताओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। यहां नक्सल प्रभावित सारंडा के तिरिलपोसी, बोरोई और रेंगड़ाहातू के मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर दो दशकों के बाद मतदान करने के लिए मतदाता पहुंच रहे हैं। पूरे इलाके में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान जारी है। पलामू में युवा मतदाता अपने मताधिकार को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। वहीं, खुंटी सीट के अंतर्गत आने वाले

सरायकेला–खरसांवा में बनाए गए कंट्रोल रुम के माध्यम से सभी मतदान केंद्रों की गतिविधियों पर नजर ऱखी जा रही है। वहीं सिमडेगा में भी महिला, बुजुर्ग, युवा और दिव्यांग मतदाता वोटिंग कर चुनाव में अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। खूंटी के जियारप्पा गांव के मतदान केंद्र पर महिला मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। इसके साथ अन्य क्षेत्रों से भी शांतिपूर्ण मतदान होने की जानकारी लगातार मिल रही है।

****************************

राज्य में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष औऱ हिंसारहित चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सिंहभूम, खूंटी, लोहदगा और पलामू सीट के लिए बनाए गए सभी सात हजार पांच सौ पंचानबे मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल और जिला पुलिस के जवान तैनात हैं। विशेष कर नक्सल प्रभावित इलाकों के मतदान केंद्रों पर पुलिस विशेष नजर ऱखे हुए है, ताकि मतदाता भयमुक्त होकर मतदान करने के लिए आएं। वहीं, सभी मतदान केंद्रों के अंदर और बाहर लगाए गए पन्द्रह हजार से ज्यादा फोर डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जा रही है, ताकि मतदान केंद्रों की पल–पल की गतिविधियों की जानकारी मिल सके। इस चरण के मतदान को सुचारु तरीके से कराने के लिए तीस हजार से ज्यादा मतदानकर्मी ड्यूटी पर हैं।

****************************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में झारखंड के राजमहल, गोड्डा और दुमका सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस सिलसिले में आज गोड्डा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव पर्चा दाखिल करेंगे ।

****************************

झारखंड में पांचवे चऱण मे कोडरमा, हजारीबाग और चतरा तथा छठे चऱण में रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर सीट पर होने वाले चुनाव को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर है। इस सिलसिले में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आज इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में हजारीबाग के बरही और चतरा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आनेवाले लातेहार में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, वहीं, मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन गोड्ड़ा में कांग्रेस के प्रत्याशी प्रदीप यादव के नामांकन पर आय़ोजित चुनावी रैली में शामिल होंगे । वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल गिरिडीह सीट से एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में बिरनी में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। एसपीजी की टीम कार्यक्रम स्थल पर पहुंच चुकी है। और उनके साथ समन्वय बनाकर सुरक्षा संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

****************************

हजारीबाग में निर्वाचन से जुड़े कर्मी पोस्टल बैलेट से मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित हैं।

****************************

झारखंड में आज चार सीटों पर हो रहे मतदान को लेकर आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश के द्वारा जीवंत चुनावी परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। जिसका प्रसारण रात आठ बजे से साढ़े आठ बजे तक होगा।

****************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

***************************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने लातेहार जिले का दौरा कर चुनाव की चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लातेहार और मनिका प्रखंड में कई मतदान केंद्रों में पहुंचकर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ही। इस मौके पर उन्होंने बीएलओ के साथ बैठक कर चुनाव से जुड़े कई अहम निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से भी बढ़–चढ़कर नैतिक मतदान करने की अपील की। इस दौरान जिले की उपायुक्त –सह –जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

***************************

केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भ्रामक और फेक वीडियो पोस्ट करने के मामले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और उनके सहयोगियों के खिलाफ राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। भाजपा कार्यकर्ता रोहित सिंह द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में इन सभी पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है।

***************************

कोडरमा– गया रेल मार्ग पर आज गांधीधाम–हावड़ा गरबा एक्सप्रेस पर बिजली तार का खंभा गिरने से अफरा–तफरी मच गई। हालांकि, इस घटना में जान–माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। फिलहाल रेलकर्मियों द्वारा बिजली खंभे को हटाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि ट्रेनों का परिचालन सुचारू तरीके से शुरू हो सके। इधर रांची–पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस आज अपने निर्धारित समय दोपहर दो बजकर पच्चीस मिनट की बजाय शाम चार बजकर चालीस मिनट पर रांची से खुलेगी। लिंक रेक में विलंब की वजह से ट्रेन के परिचालन समय में बदलाव किया गया है।

***************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने आज 12 वीं बोर्ड के नतीजे जारी कर दिए। इस बार सत्तासी दशमलव नौ आठ प्रतिशत विद्यार्थी सफल घोषित किए गए हैं। इनमें पचासी दशमलव एक दो प्रतिशत लड़के और इक्यान्बे दशमलव पांच दो प्रतिशत लड़कियां ने सफलता अर्जित की है। इस तरह लड़कों की तुलना में लड़कियों का रिजल्ट छह दशमलव चार प्रतिशत बेहतर रहा है। विद्यार्थी बोर्ड की ऑफिशियल वेबसाइट, उमंग, डिजिलॉकर और मोबाइल एप्प पर अपने रिजल्ट देख सकते हैं। बोर्ड द्वारा इस बार टॉपर्स लिस्ट जारी नहीं की गई है ।

***************************

राज्य में पीएम श्री योजना के तहत पांच सौ अड़सठ विद्यालयों का चयन किया जाएगा। इसे लेकर पिछले दो चरणों में तीन सौ पच्चीस विद्यालयों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जबकि तीसरे चरण में विद्यालय पन्द्रह मई तक अपना निबंधन करा सकते हैं। केंद्र सरकार के निर्देश पर झारखंड शिक्षा परियोजना पर्षद ने सभी जिलों को विद्यालयों के चयन के लिए आवश्यक पहल करने को कहा है। पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय स्कूली शिक्षा नीति–2020 के तहत मॉडल स्कूल के रुप में विकसित किया जाएगा। इन सभी विद्यालयों को आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए दो करोड़ रुपए दिए जाएंगे। दूसरी तरफ झारखंड एकेडिमक काउंसिल ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर दुमका और चाईबासा में संचालित आवासीय विद्यालयों तथा इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए इकतीस मई तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा तीस जून को होगी।

**********समाप्त**************